# पूर्वी लहर अभ्यास

**स्रोत: पी.आई.बी.**

हाल ही में **भारतीय नौसेना** ने भारत के पूर्वी तट पर **"पूर्वी लहर"** नामक एक **सैन्य अभ्यास** आयोजित किया।

- इस अभ्यास का उद्देश्य क्षेत्र में **समुद्री सुरक्षा चुनौतियों** से निपटने के लिये भारतीय नौसेना की तैयारियों का आकलन करना था।
- **भारतीय वायु सेना (Indian Air Force)**, **अंडमान और निकोबार कमान** तथा **तटरक्षक बल** के जहाज़ों, पनडुब्बियों, विमानों एवं विशेष बलों ने अभ्यास में भाग लिया, जो सेवाओं के मध्य उच्च स्तरीय अंतरसंचालनीयता का संकेत देता है।
- यह **अभ्यास कई चरणों** में आयोजित किया गया:
  - **सामरिक चरण:** यथार्थवादी परिदृश्य में युद्ध प्रशिक्षण,
  - **आयुध चरण** विभिन्न फायरिंग रेंज को सफलतापूर्वक संचालित करके।
- विभिन्न स्थानों से विमानों का संचालन करके परिचालन क्षेत्र में निरंतर **समुद्री डोमेन जागरूकता** बनाए रखी गई थी।
- इसने **भारतीय नौसेना** की लक्ष्य पर आयुध पहुँचाने की क्षमता की पुनः पुष्टि की।

**और पढ़ें:** **भारतीय नौसेना दिवस 2023**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/exercise-poorvi-leher